**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0 सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025/4243.........**पटना, दिनांक** : 28/07/2025

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 77 दिनांक 04.02.2025 द्वारा श्री अनुप कुमार (AEN09683), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरुद्ध दिनांक 13.09.2024 से लगांतार अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 788 दिनांक 18.02.2025 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होने पर निदेशालय पत्रांक 1314 दिनांक 19.03.2025 एवं पत्रांक 1909 दिनांक 28.04.2025 द्वारा स्मारित किये जाने के बावजूद भी श्री कुमार के द्वारा स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित नहीं किया गया है।

तामिला प्रतिवेदन के संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 390 दिनांक 13.05.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री कुमार के नियुक्ति पत्र में अंकित आवासीय पता पर उक्त पत्र निबंधित डाक द्वारा भेजे जाने के उपरांत कार्यालय को वापस लौट गया है। साथ ही बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 489 दिनांक 31.05.2025 द्वारा श्री कुमार के आज तक बन्दोबस्त कार्यालय में योगदान नहीं करने का उल्लेख करते हुए पुनः संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री अनुप कुमार (AEN09683), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर का दिनांक 13.09.2024 से संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

25/7

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025.4243.........**पटना, दिनांक** 28/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्री अनुप कुमार (AEN09683), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 4243 **पटना, दिनांक** : 28/07/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 4243 **पटना, दिनांक** : 28/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

25/7

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप